# उद्यमियों ने दिए 2950 करोड़ के निवेश प्रस्ताव

- मुख्यमंत्री से उद्यमियों के समूह ने की मुलाकात
- हीरो, एवन, पाहवा और वैप ग्रुप प्रदेश में निवेश करेंगे

UP GLOBAL INVESTORS SUMMIT
10-12 FEBRUARY, 2023

लखनऊ,विशेष संवाददाता। भारतीय उद्यमियों के एक समूह ने बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। भेंट के दौरान औद्योगिक दल ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 में सहभागिता के लिए उत्साह जताया। उद्यमियों ने मुख्यमंत्री को प्रदेश में विभिन्न योजनाओं में 2950 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार 10 से 12 फरवरी, 2023 तक लखनऊ में एक ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन कर रही है। राज्य में प्रति व्यक्ति आय में बढ़ोतरी के लक्ष्य के साथ हमारा प्रयास है कि राज्य में उपलब्ध असीम व्यावसायिक अवसरों से देश और दुनिया लाभान्वित हो सके। बैठक में मुख्यमंत्री के समक्ष एवन साइकिल ग्रुप ने 500 करोड़ का, हीरो ग्रुप ने 350 करोड़ का, वैप ग्रुप से 2000 करोड़ का, सूर्यांश ग्रुप ने 100 करोड़ का निवेश करने का प्रस्ताव रखा। निवेश प्रस्तावों पर हर्ष व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने निवेशकों की सुरक्षा एवं आवश्यक्ताओं की पूर्ति करने का आश्वासन दिया। साथ ही निवेश प्रस्ताव के समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को निर्देशित भी किया। अटल पूर्वांचल औद्योगिक विकास परिषद के सहयोग से हुई बैठक का उद्देश्य प्रदेश में निवेशकों को आमंत्रित करना और उनके लिए सिंगल विंडो के आधार पर सुगमता प्रदान करना था।

## रोडशो करने वाले मंत्री आज सीएम के सामने रखेंगे रिपोर्ट

लखनऊ। निवेश जुटाने को विदेश में रोडशो करने वाले कैबिनेट मंत्री व अधिकारी गुरुवार शाम को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष अपनी रिपोर्ट पेश करेंगे। इसके साथ ही औद्योगिक विकास विभाग अब तक कुल निवेश प्रस्तावों व आगे की कार्ययोजना पर प्रजेंटेशन देगा। सीएम योगी आदित्यनाथ विदेशों से आए निवेश प्रस्तावों पर आगे के अमल के लिए अपने निर्देश देंगे। साथ ही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की तैयारियों की समीक्षा करेंगे। इससे पहले कैबिनेट की बैठक में कई महत्त्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी जाएगी। हाल में विदेशों में रोडशो के लिए यूपी सरकार ने आठ टीमों को 18 देशों के भ्रमण पर भेजा था। माना जा रहा है, कि दस लाख करोड़ के निवेश का लक्ष्य पूरा कर लिया जाएगा।